SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES- 7 (TERM-2)

Grade - 3

Subject: हिंदी

Prepared by: Renu Sharma

LESSON- 7 जैसे को तैसा , व्याकरण – सर्वनाम

प्रश्न -१) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से देखकर नोटबुक में लिखिए |

प्रश्न -२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में में प्रयोग कीजिए –

क) घर - रहने का स्थान

वाक्य – मेरा घर बहुत सुंदर है |

ख) सबक – पाठ

वाक्य – मैंने अपनी गलती से सबक सीखा |

ग) दावत – भोजन के लिए बुलाना

वाक्य – मेरे दोस्त ने कल मुझे दावत पर बुलाया है |

प्रश्न -३) खाली स्थान भरिए –

क) लोमड़ी ने थी खीर पकाई |

ख) दावत पर सारस को बुलाया |

ग) भूखा - प्यासा घर को आया |

घ) गरमा – गरम सूप बनाकर लाया |

प्रश्न -४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) लोमड़ी ने दावत पर किसे बुलाया ?

उत्तर- लोमड़ी ने दावत पर सारस को बुलाया |

ख) लोमड़ी ने क्या पकाया था ?

उत्तर - लोमड़ी ने खीर पकाया था |

ग) सारस ने सूप किसमें परोसा ?

उत्तर- सारस ने सूप लंबे जग में परोसा |

प्रश्न -५) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्यों में लिखिए –

क) लोमड़ी ने सारस को अपना घर क्यों दिखाया होगा ?

उत्तर- लोमड़ी ने सारस को दावत पर बुलाने के लिए अपना घर दिखाया होगा।

ख) सारस ने लोमड़ी से कुछ क्यों नहीं कहा ?

उत्तर- सारस ने लोमड़ी के किए का जवाब किसी और तरीके से देने का सोचा था, इसलिए सारस ने उस समय लोमड़ी से कुछ नहीं कहा।

ग) सारस ने लोमड़ी को जग में सूप क्यों परोसा ?

उत्तर- सारस को दावत पर बुलाकर लोमड़ी ने सारस के साथ दुर्व्यवहार किया, इसलिए उसे सबक सिखाने के लिए सारस ने जग में सूप परोसा।

घ) क्या सारस और लोमड़ी ने एक-दूसरे के साथ सही व्यवहार किया ?

उत्तर- नहीं, उन दोनों ने एक-दूसरे के साथ सही व्यवहार नहीं किया। हमें सबके साथ मित्रतापूर्वक व्यवहार करना चाहिए और सबके प्रति सहानुभूति का भाव रखना चाहिए।

व्याकरण पाठ 7 – सर्वनाम

परिभाषा – संज्ञा (नाम) की जगह आने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं |

सर्वनाम के कुछ अन्य शब्द इस प्रकार हैं-

मैं, मेरा, उन्हें, वे,हम, हमारा, अपना, वे,आप, आपके, उनका, तुम, तुम्हारा, तुम्हें, वह, इनका आदि ।

विशेष - अपने लिए "मैं, हम" का प्रयोग होता है।

जिससे बात की जाए उसके लिए "तू, तुम' शब्दों का उपयोग होता है। जिसके बारे में बातचीत की जाए "वह, वे, उसे, उन्हे," आदि सर्वनाम शब्दों का प्रयोग होता हैं।

- अपने से बड़ों के लिए सदा "आप" शब्द का उपयोग होता है।

- दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्दों को रखांकित कीजिए –

१) नेहा अपने भाई के साथ स्कूल गई |
२) तुम भी खेलने चलो |
३) दरवाजे पर कोई आया है |
४) वह कल घर जाएगा |
५) मेरी मौसी आ रही हैं |